राष्ट्रीय सहारा
18.03.2020

# अरुण रावत बने आईसीएफआरई के कार्यवाहक महानिदेशक

देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक अरुण सिंह रावत भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) के नए कार्यवाहक महानिदेशक बनाए गए हैं। मंगलवार को उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। आईसीएफआरई के महानिदेशक डा. एससी गैरोला अपने मूल कैडर महाराष्ट्र वापस चले गए हैं।

अगले कुछ माह में उनका रिटायरमेंट है। ऐसे में एफआरआई के निदेशक एएस रावत को आईसीएफआरई के नया महानिदेशक बनाया गया है। वह 1986 बैच के झारखंड कैडर के भारतीय वन सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने भौतिक विज्ञान व वानिकी में स्नातकोत्तर किया है। साथ ही मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में भी स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी किया है। एफआरआई का निदेशक बनने से पहले वह झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक पद पर तैनात थे। झारखंड में उन्होंने क्षेत्रीय व वन्यजीव क्षेत्र में कार्य किया है।



डा. एससी गैरोला अपने मूल कैडर महाराष्ट्र वापस

I-NEXT
18.03.2020

# आईसीएफआरई के नए डीजी बने डॉ. अरुण रावत

## अब तक दून में एफआरआई के डायरेक्टर के पद पर थे तैनात

**DEHRADUN (17 March):** आईएफएस अरुण सिंह रावत ने डायरेक्टर जनरल इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन के डीजी का पदभार ग्रहण कर लिया. अब तक डायरेक्टर जनरल का जिम्मा संभाल रहे डॉ. एससी गैरोला बीते 16 मार्च को अपने मूल कैडर के लिए रवाना हो चुके हैं. डॉ. रावत अब तक दून स्थित एफआरआई के डायरेक्टर का पद संभाल रहे थे. डॉ. एएस रावत 198 6 बैच के झारखंड राज्य कैडर के आईएफएस हैं. इसके अलावा वे फिजिक्स व फॉरेस्ट्री में पीजी होने के साथ ही उन्होंने मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में पीजी डिप्लोमा के साथ ही लॉ में ग्रेजुएट हैं. इससे पहले डॉ. एएस रावत झारखंड में प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष पद पर रह चुके हैं. झारखंड के क्षेत्रीय व वन्यजीव क्षेत्र में उन्होंने का किया है. इसके अलावा उन्होंने भारत और विदेशों में कई नेशनल व इंटरनेशनल वर्कशाप और ट्रेनिंग में भी भाग लिया है.



दैनिक जागरण
18.03.2020

## आइसीएफआरई के महानिदेशक बने रावत

देहरादूनः वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) के निदेशक एएस रावत को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आइसीएफआरई) का महानिदेशक बनाया गया है। यह परिषद एफआरआइ व इस जैसे देशभर के तमाम संस्थानों की नियंत्रण एजेंसी है। आइएसएफआरई के अब तक महानिदेशक रहे डॉ. एससी गैरोला अपने मूल कैडर महाराष्ट्र के लिए रिलीव हो गए हैं। इसके बाद एएस रावत को उनकी जगह महानिदेशक बनाया गया। रावत ने मंगलवार को नया पद्भार भी विधिवत ग्रहण कर लिया। मूल रूप से पौड़ी के संग्ल्याकोटी गांव के रहने वाले एएस रावत वर्ष 1986 बैच के आइएफएस अधिकारी हैं। उनका मूल कैडर झारखंड राज्य का है। (जासं)

अमर उजाला
18.03.2020

## अरुण सिंह रावत बने आईसीएफआरई के महानिदेशक

देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक अरुण सिंह रावत को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (आईसीएफआरई) का नया महानिदेशक बनाया गया है। पूर्व महानिदेशक डॉ. एससी गैरोला के अपने मूल कैडर महाराष्ट्र चले जाने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त महानिदेशक अरुण सिंह रावत 1986 बैच के झारखंड कैडर के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। वर्तमान में वह वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक पद पर तैनात हैं। महानिदेशक रावत भौतिक विज्ञान और वानिकी में स्नातकोत्तर हैं। उन्होंने मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। इसके अलावा कानून में भी स्नातक की डिग्री हासिल की है। महानिदेशक रावत झारखंड में पीसीसीएफ कैडर के अधिकारी हैं और उन्होंने झारखंड में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। महानिदेशक रावत देश के कई राज्यों के अलावा कई देशों में वानिकी पर व्याख्यान दे चुके हैं।


अरुण सिंह रावत।

शाह टाईम्स
18.03.2020

## अरुण सिंह रावत ने महानिदेशक भा.वा.अ.शि.प. का पदभार ग्रहण किया



**देहरादून।** भा.वा.अ.शि.प के महा. निदेशक डा. एस.सी. गैरोला के देहरादून से महाराष्ट्र के अपने मूल कैडर में 16 मार्च को प्रत्यावर्तन के उपरांत अरूण सिंह रावतनिदेशक वन अनुसंधान संस्थान देहरादून ने महानिदेशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् देहरादून का पदभार संभाल लिया है। ए.एस. रावत 1986 बैच के झारखंड राज्य कैडर के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। वर्तमान में रावत निद. ेशक, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के पद पर हैं। रावत भौतिक विज्ञान और वानिकी में स्नातकोत्तर हैं। उन्होंने मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में

हिन्दुस्तान
18.03.2020


## रावत बने आईसीएफआरई के डीजी

**देहरादून।** एफआरआई के डायरेक्टर अरुण सिंह रावत को आईसीएफआरई का नया डीजी बनाया गया है। पूर्व डीजी डा. सुरेश गैरोला के अपने मूल काडर महाराष्ट्र के लिए लौटने पर ये पद खाली हो गया था। जिसका चार्ज अरुण सिंह को दिया गया। 1986 बैच के आईएफएस रावत झारखंड में पीसीसीएफ रहे। मूल रूप से पौड़ी के रहने वाले रावत उत्तराखंड में कई अहम पदों पर रह चुके हैं।

THE PIONEER
18-03-2020

# ARUN Singh Rawat takes over as ICFRE Director

PNS ■ DEHRADUN



The Forest Research Institute (FRI) director Arun Singh Rawat has taken over as director general of the Indian Council of Forestry Research and Education (ICFRE) after repatriation of the previous DG SC Gairola to his parent cadre of Maharastra on March 16, 2020.Rawat is an Indian Forest Service officer of 1986 batch belonging to Jharkhand State Cadre. He is presently posted as the FRI director. He is Masters in Physics and Forestry. He also holds Bachelor Degree in Law and Post graduate Diploma in Human Resource Development and Operation Research.He is in the rank of PCCF in Jharkhand state.


He worked in the field of territorial and wildlife area of Jharkhand. Rawat has vast experience in research, education, administration and finance.

Apart from having worked in various capacities in the state of Jharkhand, he has also attended various trainings and international workshops in India and abroad.

दैनिक भास्कर
18.03.2020

# अरूण सिंह रावत ने संभाला महानिदेशक का पदभार

भास्कर समाचार सेवा



देहरादून। डा एससी गैरोला, पूर्व महानिदेशक, भावाअशिप से महाराष्ट्र के अपने मूल कैडर में 16 मार्च को प्रत्यावर्तन के उपरांत अरूण सिंह रावत निदेशक वन अनुसंधान संस्थान ने महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् का पदभार संभाल लिया है। एएस रावत 1986 बैच के झारखंड राज्य कैडर के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। रावत झारखंड राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक के दर्जे के पद पर है। इन्होने झारखंड के क्षेत्रीय और वन्यजीव क्षेत्र में काम किया है। इन्हें अनुसंधान, शिक्षा, प्रशासन और वित्त का व्यापक अनुभव है। रावत ने झारखंड राज्य में विभिन्न पदवियों में कार्य किया है। इन्होने भारत और विदेशों में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं और प्रशिक्षणों में भी भाग लिया हैं।

उत्तराखण्ड केसरी
18.03.2020

# आईसीएफआरई के महानिदेशक बने अरुण सिंह रावत

देहरादून, 17 मार्च (स.ह.): अरुण सिंह रावत ने मंगलवार को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून (आईसीएफआरई) के महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने पूर्व महानिदेशक डॉ. एससी गैरोला की जगह पद ग्रहण किया है जो महाराष्ट्र के अपने मूल कैडर में वापस चले गए हैं।



वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) के निदेशक अरुण सिंह रावत 1986 बैच के झारखंड राज्य कैडर के आईएफएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वह एफआरआई के निदेशक के पद पर हैं। उन्होंने भौतिक विज्ञान व वानिकी में स्नातमोत्तर किया है। इसके अलावा मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। साथ ही, कानून में स्नातक उपाधि भी प्राप्त की है। अरुण सिंह रावत झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक रह चुके हैं।

दून दर्पण
18.03.2020

# अरूण सिंह रावत भावाअशिप के नये महानिदेशक

देहरादून 17मार्च (**दर्पण संवाददाता**)। डा. एस.सी. गैरोला, पूर्व महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून से महाराष्ट्र के अपने मूल कैडर में को प्रत्यावर्तन के उपरांत अरूण सिंह रावत, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान,देहरादून ने महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् देहरादून का पदभार संभाल लिया है।

इस अवसर पर बताया गया कि ए.एस. रावत 1986 बैच के झारखंड राज्य कैडर के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। वर्तमान में श्री रावत निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के पद पर है। श्री रावत भौतिक विज्ञान और वानिकी में स्नातकोत्तर हैं। इन्होने मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। इन्होने कानून में स्नातक उपाधि भी प्राप्त की है।

रावत झारखंड राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक के दर्जे के पद पर है। इन्होने झारखंड के क्षेत्रीय और वन्यजीव क्षेत्र में काम किया है। इन्हें अनुसंधान, शिक्षा, प्रशासन और वित्त का व्यापक अनुभव है। रावत ने झारखंड राज्य में विभिन्न पदवियों में कार्य किया है। इन्होने भारत और विदेशों में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं और प्रशिक्षणों में भी भाग लिया है।

GARHWAL POST
18-03-2020

# Arun Singh Rawat takes over as DG, ICFRE

By OUR STAFF REPORTER

**DEHRADUN, 17 Mar:** Arun Singh Rawat, Director, Forest Research Institute, Dehradun, has taken over as Director General, Indian Council of Forestry Research and Education, here, after repatriation of Dr SC Gairola to his parent cadre of Maharashtra on 16 March.

AS Rawat is an Indian Forest Service officer of 1986 Batch belonging to the Jharkhand State Cadre. He is presently posted as Director, Forest Research Institute, Dehradun. He has Masters Degrees in Physics and Forestry.



He also holds a Degree in Law and a Post Graduate Diploma in Human Resource Development and Operations Research.

He is in the rank of PCCF in Jharkhand. He has worked in the field of wildlife areas of Jharkhand. He has considerable experience in research, education, administration and finance, having worked in various capacities in the state of Jharkhand. He has also participated in several national and International workshops and trainings in India and abroad.

THE HIMACHAL TIMES
18-03-2020

# Arun Singh Rawat, IFS takes over as Director General of ICFRE



*DEHRADUN, MAR 17 (HTNS):* Arun Singh Rawat, Director, Forest Research Institute, Dehradun has taken over as Director General, Indian Council of Forestry Research and Education, Dehradun after repatriation of Dr. S.C. Gairola to his parent cadre of Maharashtra on March 16.

A.S. Rawat is an Indian Forest Service officer of 1986 Batch belonging to Jharkhand State Cadre. He is presently posted as Director, Forest Research Institute, Dehradun. He is Masters in Physics and Forestry. He also holds Bachelor Degree in Law and Post graduate Diploma in Human Resource Development and Operation Research.

He is in the rank of PCCF in Jharkhand state. He worked in the field of territorial and wildlife area of Jharkhand. He has vast experience in research, education, administration and finance.

Rawat worked in various capacities in the state of Jharkhand. He also participated in several national and International workshops and training in India and abroad.

जनभारत मेल

18.03.2020

# अरूण सिंह रावत ने महानिदेशक भा.वा.अ.शि.प. का पदभार ग्रहण किया




देहरादून, संवाददाता। भा.वा.अ.शि.प के महानिदेशक डा. एस.सी. गैरोला के देहरादून से महाराष्ट्र के अपने मूल कैडर में 16 मार्च को प्रत्यावर्तन के उपरांत अरूण सिंह रावतनिदेशक वन अनुसंधान संस्थान देहरादून ने महानि देशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् देहरादून का पदभार संभाल लिया है। ए.एस. रावत 1986 बैच के झारखंड राज्य कैडर के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। वर्तमान में श्री रावत निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के पद पर हैं। श्री रावत भौतिक विज्ञान और वानिकी में स्नातकोत्तर हैं। उन्होंने मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। उन्होंने कानून में स्नातक उपाधि भी प्राप्त की है। श्री रावत झारखंड राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक के दर्जे के पद पर है। इन्होने झारखंड के क्षेत्रीय और वन्यजीव क्षेत्र में काम किया है। इन्हें अनुसंधान, शिक्षा, प्रशासन और वित्त का व्यापक अनुभव है। श्री रावत ने झारखंड राज्य में विभिन्न पदवियों में कार्य किया है। वे भारत और विदेशों में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं और प्रशिक्षणों में प्रतिभाग कर चुके हैं।

THE HAWK

18-3-2020

# Arun Singh Rawat, IFS Takes Over As Director General Of ICFRE

**Dehradun:** Shri Arun Singh Rawat, Director, Forest Research Institute, Dehradun has taken over as Director General, Indian Council of Forestry Research and Education,Dehradun after repatriation of Dr. S.C. Gairola to his parent cadre of Maharastra on March 16, 2020.



Shri A.S. Rawat is an Indian Forest Service officer of 1986 Batch belonging to Jharkhand State Cadre. He is presently posted as Director, Forest Research Institute, Dehradun. He is Masters in Physics and Forestry. He also holds Bachelor Degree in Law and Post graduate Diploma in Human Resource Development and Operation Research. He is in the rank of PCCF in Jhankhand state. He worked in the field of territorial and wildlife area of Jharkhand. He has vast experience in research, education, administration and finance. Mr. Rawat worked in various capacities in the state of Jharkhand. He also participated in several national and International workshops and training in India and abroad.

UTTAR BHARAT LIVE
18-3-2020

# अरुण सिंह ने महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया

**देहरादून।** अरूण सिंह रावत निदेशक वन अनुसंधान संस्थान में महानिदेशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् का पदभार संभाल लिया है।

अरुण सिंह रावत 1986 बैच के झारखंड राज्य कैडर के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। वर्तमान में रावत निदेशक वन अनुसंधान संस्थान देहरादून के पद पर है। रावत भौतिक विज्ञान और वानिकी में स्नातकोत्तर हैं। इन्होंने मानव संसाधन प्रबंध विकास एवं संचालन अनुसंधान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। इन्होंने कानून में स्नातक उपाधि भी प्राप्त की है। रावत झारखंड राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक के दर्जे के पद पर है।